आईआईएम में तीन दिवसीय इंडिया फाइनेंस कॉन्फ्रेंस 19 से

सिटी रिपोर्टर | आईआईएम रायपुर और इंडियन फाइनेंस एसोसिएशन की ओर से इंडिया फाइनेंस कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन किया जाएगा। 19 से 21 दिसंबर तक आईआईएम कैंपस में आयोजित कॉन्फ्रेंस में क्लाइमेट फाइनेंस और फिनटेक के बैंकिंग क्षेत्र के अलग-अलग विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान पैनल डिस्कशन के साथ वित्त पर आधारित अकादमिक सत्र होंगे। कॉन्फ्रेंस में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के चीफ इकोनॉमिस्ट डॉ. तीर्थंकर पटनाइक, सेबी के चीफ जनरल मैनेजर डॉ. प्रभास रथ, ब्लैक रॉक के एमडी प्रवीन गोयल, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के प्रो. आनंद श्रीनिवासन, क्लाइमेट इन्वेस्टमेंट लीडर क्रेग वीज, एस क्यूब कैपिटल से अनिता जॉर्ज, न्यूयार्क यूनिवर्सिटी के प्रो. याकोव अमीहुड व अन्य शामिल होंगे।

Dainik Bhaskar, 17 Dec 2024, P.02